Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 16-06-2022 | अंक 257

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## दोहरी हत्याकांड से दहला चतरा, राजपुर और लावालौंग थाना क्षेत्र में गोली मारकर दो की हत्या

### फिर चतरा में सर उठाने लगे हैं अपराधी,पुलिस के लिए बन रहे है सिरदर्द





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

चतरा / कान्हाचट्टी : चतरा जिले के लिए बुधवार काला दिन साबित हुआ।जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो लोगो को एक ही रात गोली मार कर हत्या का मामला पूरे जिले वासियो की जुबान पर घूम रही है।पहली घटना राजपुर थाना क्षेत्र के तुलबुल पंचायत के कसियाडीह गांव के पाहन बालेश्वर भुइयाँ को पुरानी जमीनी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दिया गया। राजपुर थाना क्षेत्र के कसियाडीह गांव की घटना में मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने गांव के ही तीन लोगों पर गोली मार कर हत्या का आरोप लगाई है। घटना की सूचना पाकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीपीओ अविनाश कुमार और थाना प्रभारी विकास पासवान। शव को कब्जे में लेकर लाया राजपुर थाना। पोस्टमार्टम के लिए मृतक के शव को भेज कर पोस्टमार्टम करवाया गया।मृतक पाहन को दो गोली मारी गई है। परि. जनों के बयान के आधार पर राजपुर पुलिस आधा दर्जन गांव के ही संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने कहा कि हत्या का कारणों का पता लगाया जा रहा है जल्द ही अप्राधियो को सलाखों के पीछे पुलिस भेजेगी।वहीं

**दूसरी घटना (लावालौंग)**

लावालौंग थाना क्षेत्र निवासी बिक्रम रजक को गोली मार कर हत्या कर दी गई। शव को मुख्य चौक स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास छोड़कर भागे अपराधी। मृतक विक्रम रजक ने जिला परिषद चुनाव में अपना भाग्य आजमाया था। मौके पर पहुंची पुलिस। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम।

## एटीएम मशीन उखाड़ कर भाग रहे अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




14जून की रात्रि करीब साढ़े बारह बजे निमियाघाट थाना क्षेत्र के इसरी बाजार से एक्सिस बैंक का एटीएम को एटीएम की राशि समेत काटकर अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। इस बात की सुचना एटीएम सिक्वेंसी टीम के द्वारा गिरिडीह पुलिस अधीक्षक अमित रेणु को दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तुरंत डुमरी थाना, निमियाघाट थाना, पीरटांड़ थाना की टीम एसडीपीओ डुमरी मनोज कुमार तथा एसडीपीओ बगोदर–सरिया नौशाद आलम एवं पुलिस निरीक्षक डुमरी आदिकांत महतो के साथ सक्रिय हुई तथा सभी दिशाओं में चे. कंग लगाकर पीछा किया गया। भागते हुए चोर पीरटांड़ थाना में चेकिंग देखकर वापस डुमरी की ओर भागे जो पुलीस को चकमा देने के लिए मधुबन घुस गए। जब पुलिस टीम मधुबन में चेकिंग करने लगी तो चोर पुनः मुख्य पथ से डुमरी की ओर भागे का पीछा किया गया। जिन्हे एसडीपीओ बगोदर नौशाद आलम पुलीस निरीक्षक आदिकान्त महतो तथा थाना प्रभारी डुमरी राजू कुमार मुंडा द्वारा पीछा किया गया तथा भागने की दिशा में एसडीपीओ डुमरी द्वारा बे. रिकेडिंग लगाया गया। पीछा करता देख चोरों की गाडी को चालक काफी तेज से भगाया तथा मुख्य पथ छोड़कर केबी मोड़ में गाड़ी मोड़ दिया जिससे रोड में बने गेट में गाड़ी टकरा गई जिससे एसडीपीओ बगोदर सरिया के वाहन क्षतिग्रस्त हुई है। पुलिस टीम के द्वारा चोरी गया एटीएम पैसा सहित पकड़ा गया एवं तीन चोर मुकेश कुमार उम्र 19वर्ष पिता भुल्लू राय ग्राम मोहनपुर, थाना राघोपुर, जिला वैशाली (बिहार), एमडी जुबैर आलम उम्र 25वर्ष पिता एमडी आफताब आलम, ग्राम ईसापुर, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना (बिहार), जुनैद आलम उम्र 24वर्ष, पिता लाल मोहम्मद अंसारी, ग्राम ईसापुर, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना (बिहार) पकड़े गए। भागने वाले चोर दानिश आलम उम्र 23वर्ष पिता मुन्ना मियां, ग्राम ईसापुर, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना,(बिहार), अमीन आलम उम्र 35वर्ष, पिता का नाम उपल्ब्ध नही, ग्राम ताजनगर नया टोला, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना ( बिहार), आसिफ कुरैशी उम्र 27वर्ष पिता नामालूम , ग्राम संघी मस्जिद, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना, (बिहार), शहंशाह उम्र 29वर्ष पिता नामालूम , ग्राम नया टोला ताजनगर, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना, (बिहार) नेहाल जो फुलवारी शरीफ जिला पटना का रहने वाला है। इनलोगो ने तोपचांची धनबाद में 05जून 2022को हुए एटीएम चोरी की घटना में संलिप्त रहने की बात स्वीकार किया है तथा साथ ही साथ बाराचट्टी (गया), बारीपदा (उड़ीसा) एवं बहरागोड़ा से भी एटीएम चोरी की बात बताया है जिसका सत्यापन किया जा रहा है। चोरों के पास से इनोवा कार नम्बर जेएच 05 एएम 2501, एटीएम मशीन कैश सहित, एक मोडेम, एक ग्रेंडर मशीन तथा दो पीस कटर ब्लेड, एक काला रंग का एयर पिस्टल, एक हथौड़ी, दो सब्बल, छः बैग में भरा दैनिक उपयोग का सामानएवं पांच मोबाइल की बरामदगी हुई है। पुलिस टीम में मुकेश कुमार महतो एसडीपीओ खोरिमहुआ, साधन कुमार थाना प्रभारी निमियाघाट थाना, डीलसन बिरुआ, थाना प्रभारी पीरटांड़, सरोज कुमार मंडल चांद किस्कू रोशन कुमार पासवान बीरेंद्र कुमार सिंह निकोलस सोरेन बिजेंद्र सिंह अशोक कुमार शर्मा राधेश्याम चौधरी शैलेंद्र मरांडी सभी सहायक आरक्षी निरीक्षक निमियाघाट थाना एवं आरक्षी प्रमोद कुमार शमिल थे।

## अग्निपथ जैसी योजना खेतिहर वा ग्रामीण युवाओं के साथ खिलवाड़ है : सूरज दास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 14 जून को श्अग्निपथश नाम की योजना शुरू करने की घोषणा की । जिसमे चार साल के लिए सशस्त्र बलों में युवाओं की भर्ती होगी। योजना के तहत चुने गए युवाओं को श्अग्निवीरश कहा जायेगा और इस साल करीब 46 हजार युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करने की योजना है। हालांकि केंद्र सरकार की इस घोषणा के बाद से देश में अलग अलग राज्यों में इसके खिलाफ असंतोष नजर आ रहे है। वहीं इसी क्रम में बरही एआईएआईएम के विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने कहा की अग्निपथ जैसी योजना खेतिहर वा ग्रामीण युवाओं के सपने के साथ खिलवाड़ है। इस प्रकार की योजना से सिर्फ युवाओं का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अग्निपथ योजना में उम्र 18 वर्ष के युवाओं को अग्निवीर बनाकर 22 साल की उम्र में बेरोजगार बनाने की योजना है। उन्होंने कहा की सेना में भर्ती के नाम पर ठेकेदारी करना बंद करे और सरकार इस फैसले को तुरंत वापस करे। सरकार किसान वा जवान को ठेकेदारी पर काम करवाना चाहती है जो बिल्कुल मंजूर नहीं।

## कोनरा पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने लिया पद की शपथ, विकास का लिया संकल्प

### गजाला प्रवीण बनी उपमुखिया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही बीडीओ सी आर इंदवार ने मुखिया और वार्ड सदस्यों को पंचायत स्तर पर शपथ ग्रहण करा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को कोनरा पंचायत भवन में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया यास्मीन तबस्सुम एवं सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों ने भी शपथ लिया। उसके बाद उपमुखिया का चयन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। वहीं उपमुखिया पद के लिए दो प्रत्याशी मो आफताब आलम एवं गजाला प्रवीण ने पर्चा भरा। उसके बाद सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यो ने गोपनीय तरीके से अपना मतदान किया। जिसमे गजाला प्रवीण को को पंद्रह और मो अफताब आलम को दो मत मिला। वहीं मौके पर मौजूद निर्वाची पदाधिकारी ने गजाला प्रवीण को उपमुखिया घोषित किया। वहीं मौके पर मौजूद वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन अंसारी सहित पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## टीकाकरण : हर घर दस्तक अभियान के तहत लोगों को लगाया जा रहा कोरोना टीका, दूसरे दिन पंचमाधव जरहिया में लगा कैम्प

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही में कोविड टीकाकरण के शत–प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग कृत संक. ल्पित है। ऐसे में टीक. ाकरण को लेकर नए–नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब हर घर दस्तक अभियान की शुरुआत की गई है। पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर हर घर दस्तक अभियान के तहत लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। बुधवार को बरही के पंचमाधव जरहिया स्थित बेसिक बुनियादी स्कूल में टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों को एवं पंचायत भवन में आमलोगों को कोविड–19 वैक्सीन का डोज दिया गया। वैक्स. ीनेशन टीम में अनुमंडलीय अस्पताल की एएनएम व सहयोगकर्मियों के द्वारा वै. क्सीनेशन का कार्य किया गया। पंचमाधव पंचायत भवन में मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप की अगुवाई में टीकाकरण किया गया। मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा कि सरकार की बहुत अच्छी नीति है और कोविड–19 के रोकथाम के लिए सरकार द्वारा पूरी मुस्तैदी से वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, आंगनबाड़ी से. विका पूनम देवी, पंचायत सचिव नेमधारी महतो, उमेश प्रसाद गोप, सिकंदर कुमार, नागेश्वर रजक सहित सहिया, एएनएम भी मौजूद थी।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पूर्व जीप प्रतिनिधि एवं उपप्रमुख सहित अन्य समाजेवियो ने थाना प्रभारी का किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही के नए थाना प्रभारी ललित कुमार को गुरुवार को पूर्व बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर, समाजसेवी दशरथ यादव, समाजसेवी पप्पू खान, उमेश दास एवं मो सलामत ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। वहीं मो कयूम ने कहा की इंस्पेक्टर ललित कुमार इससे पूर्व भी बरही थाना में अपना योगदान ईमानदारी पूर्वक से निभाए है। आशा करता हूं की आगे भी उनका कार्य सराहनीय होगा।

## जनकल्याण समिति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया नए थाना प्रभारी का स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



**स्वागत करते सामाजिक कार्यकर्तागण**

बरही के नए थाना प्रभारी ललित कुमार को गुरुवार को पूर्व बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर, समाजसेवी दशरथ यादव, समाजसेवी पप्पू खान, उमेश दास एवं मो सलामत ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। वहीं मो कयूम ने कहा की इंस्पेक्टर ललित कुमार इससे पूर्व भी बरही थाना में अपना योगदान ईमानदारी पूर्वक दिए है। आशा करता हूं की आगे भी उनका कार्य सराहनीय होगा। वही जनकल्याण समिति के संरक्षक संतोष प्रजापति के नेतृत्व में नए थाना प्रभारी का स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर मौके पर संतोष प्रजापति, कमलेश कुमार कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, दीपक कुमार, चंदन कुमार केशरी एवं प्रवीण कुमार मौजूद थे।

## रेणु बनी प्रमुख व सुरजी बनी उपप्रमुख

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : बरकट्ठा प्रखंड के प्रमुख व उपप्रमुख का निर्वाचन गुरुवार को संपन्न हो गया। सभी चुनावी कार्य निर्वाची पदा. धिकारी एसडीओ बरही पुनम कूजुर के देख रेख में सम्पन्न हुआ। पहले से प्रमुख पद की रेस में आगे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिलाल चौधरी की पुत्रवधू रेणु देवी ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए प्रमुख पद पर विजयी घोषित हुई ज्ञात हो प्रमुख पद पर रेणु देवी पति उमेश कुमार एवं उपप्रमुख पद पर सुरजी देवी पति उतिम महतो निर्वाचित घोषित किए गए। प्रमुख रेणु देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चेचकपी पंचायत समिति सदस्य सुरजमनी देवी को हराया। रेणु देवी को 17 मत मिला जबकि सुरजमनी देवी को 6 मत मिला और एक मत क रद्द घोषित किया गया। वहीं उपप्रमुख पद पर सुरजी देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बिनीता कुमारी को 10 मतों से हराया। सुरजी देवी को 17 मत जबकि बिनीता कुमारी को 7 मत मिला। इस चुनाव में बरकट्ठा प्रखंड से 17 पंचायत के 24 पंचायत समिति सदस्य ने भाग लिया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी पति उमेश कुमार एवं उपप्रमुख सुरजी देवी पति उतिम महतो को बधाई देने वालों में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, जिप सदस्य कुमकुम देवी, पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, डॉ प्रकाश कुमार, प्रदीप मंडल कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष, जमुना साव, नारायण प्रसाद, लाल जी रविदास, दर्शन सोनी, केदार साव, नंदलाल मंडल, टिंकू प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, जागेश्वर यादव, मिथलेश भारती, शमीम अंसारी, अशोक गुप्ता, समसुद्दीन अंसारी, मोहम्मद खलील अंसारी, रमजान मियां, संजीत मंडल, शंभू यादव, मधुलाल यादव, कुलदीप पांडेय हीरालाल प्रसाद, जुगेश्वर पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, रमेश रंजन, द्वारिका पासवान, हसमत अली, राजेश कुमार, सुदामा प्रसाद, देवेंद्र पांडेय, अर्जुन नायक, बासुदेव महतो, रामसहाय मांझी हरिलाल मांझी, लालू मांझी, तालो मरांडी,गुरदेव सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग थे।

## अलगडीहा एवं सुदन पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया ने ली शपथ

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**





चलकुशा : प्रखंड के अलगडीहा एवं सुदन पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया अंजना देवी एवं सविता देवी ने बृहस्पतिवार को अपने अपने पंचायत भवन में शपथ ग्रहण किया इस दौरान अलगडीहा पंचायत भवन में वार्ड सदस्यों के द्वारा निर्विरोध मनोज ठाकुर को उप मुखिया चुना गया ।सुदन पंचायत में वार्ड सदस्यों के द्वारा उप मुखिया का चयन मत दान कर किया गया। प्रमिला देवी 8 मत प्राप्त कर उप मुखिया विजय हुई वही गोविंद यादव 3 मत प्राप्त किया ।सभी जनप्रति. निधियों को बीडीओ समरेश प्रसाद भंडारी के द्वारा विधिवत शपथ दिलाया गया। इस मौके पर शैलेश रंजन, रूपेश कुमार, राजेश कुमार, गणेश प्रजापति ,जुगू माहतो, सरफुद्दीन अंसारी, पूरन पासवान, अफजल अली, रामजीत रजक, बासुदेव यादव, शंकर ठाकुर, श्याम सुंदर यादव, राजेश यादव, मोहसीन कमाल, दिलीप कुमार, सपना कुमार, सुनील पासवान, रामदेव यादव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

APEM LIVE

## करसो पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने लिया पद की शपथ

### बालेश्वर यादव ने ज्योतिष यादव को मात देकर बने उपमुखिया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही बीडीओ सी आर इंदवार ने मुखिया और वार्ड सदस्यों को पंचायत स्तर पर शपथ ग्रहण करा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को करसो पंचायत भवन में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया उषा राम एवं सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों ने भी शपथ लिया। उसके बाद उपमुखिया का चयन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। उसके बाद उप मुखिया पद के लिए तीन प्रत्याशी बालेश्वर यादव, ज्योतिष कुमार यादव एवं आशा देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों ने गोपनीय तरीका से अपना मतदान दिया। जिसमे बालेश्वर यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ज्योतिष कुमार यादव को दो वोट से हराकर उपमुखिया बने । मौके पर मौजूद निर्वाची पदा. धिकारी ने बालेश्वर प्रसाद को उपमुखिया घोषित किया। मौके पर मौजूद वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर पंचायत के दर्जनों महिला और पुरुष मौजूद थे।

## ताजपुर का ताज मंजर देवी के पास, कुमार राहुल को पराजित कर बनी उपमुखिया

### जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना है, सभी वर्गों को दूँगा सम्मान : उपमुखिया

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




पंचायत चुनाव के दौरान चर्चा का केंद्र बिंदु रहा ताजपुर पंचायत अब उपमुखिया चुनाव में भी चर्चा का केंद्र बिंदु बना रहा। वर्तमान और पूर्व मुखिया के लिए उपमुखिया का पद अपने खेमे में लाना चुनौती था। वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत के खेमे से वार्ड सदस्य कुमार राहुल उम्मीदवार थे जबकि पूर्व मुखिया शौकत खान के खेमे से मंजर देवी पति जितेंद्र राणा उम्मीदवार थे। मुखिया पद गवांने के बाद शौकत खान ने उपमुखिया का पद अपने खेमे में लाने के लिए हर संभव कोशिश किये और सफलता उनके हाथ लगी। मंजर देवी को कुल 7 मत प्राप्त हुवा जबकि कुमार राहुल को महज 5 वोट से ही संतोष करना पड़ा। चुनाव जीतने के बाद मंजर देवी के समर्थकों ने एक दूसरे जीत की बधाई दिया। उपमुखिया बनने के बाद मंजर देवी ने सभी वार्ड सदस्यों व पूर्व मुखिया शौकत खान को बधाई देते हुए कहा कि मैं अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगी। कहा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है। सभी वर्गों का करूँगी सम्मान। उपमुखिया बनने पर मंजर देवी को पूर्व मुखिया शौकत खान, इल्लु जैन, संतोष पासवान, इमरान खान, विजय गुप्ता, कलीम खान, बिनोद भूईयाँ, अजय भुइयाँ, शमशाद आलम, सूरज सिन्हा, मनीष सिन्हा आदि ने बधाई दिया।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## एनएमओपीएस गिरिडीह टीम ने 26जून के महासम्मेलन को लेकर गाण्डेय में दौरा किया

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो



26 जून को रांची में आहूत ष्पेंशन जयघोष महासम्मेलनष को सफल बनाने के लिए आज गुरुवार 16जून2022 को जिला एनएमओपीएस गिरिडीह टीम ने गाण्डेय प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों, प्रखण्ड मुख्यालय, थाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा किया साथ ही उक्त सभी कार्यालयों में नियुक्त कर्मियों को 26 जून को हर हाल में रांची पहुंचने के लिए प्रेरित किया। एनएमओपीएस गिरिडीह जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने बताया की आगामी 26 जून को रांची में झारखंड राज्य के सभी न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) वाले कर्मचारियों का ष्पेंशन जयघोष महा. सम्मेलनष का आयोजन रांची के मोराबादी स्टेडियम में होना निश्चित हुआ है. इस महासम्मेलन में झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे, जबकि राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।इस महासम्मेलन में राज्य के कोने-कोने से सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी पदाधिकारी पहुंचेगे.और पुरानी पेंशन का हक लेकर ही घर वापस आयेंगे। एनएमओपीएस के बैनर तले सभी पेंशन विहीन साथी अपने बुढ़ापे का सहारा के लिए सोचकर रांची के इस महासम्मेलन में अपने परिवार के साथ शामिल होंगे।यह पेंशन विहीन सरकारी कर्मचारियों के लिए एक ऐतिहासिक सम्मेलन होगा ।बताते चलें कि वर्ष 2004 के बाद नियुक्त होने वाले कर्मच. ारियों को न्यू पेंशन का लाभ मिलता है. जो शेयर बाजार के अधीन है. जिसके तहत पेंशन बहुत ही कम मिलता है. इसी लिए 2004 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग करते रहे हैं। आज के इस अभियान में जिला एनएमओपीएस गिरिडीह टीम के जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा, प्रदेश मिडिया प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद, जोनल पदाधिकारी इम्तियाज अहमद,जिला मीडिया प्रभारी मिथुन राज एवं जिला शिक्षकेतर कर्मच. ारी संयोजक विकास सिन्हा शामिल थे।

## बुधवार देर रात गिरिडीह प्रखंड में हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात





अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो

गिरिडीह ज़िला के सदर प्रखंड अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित सिंदवरिया पंचायत के बरागडहा कला गांव में बुधवार रात्रि हाथियों का झुंड गांव पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया । लोग मारे भय और दहशत के दुबके रहे अपने अपने घरों में। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार 15जून की देर रात 14 की संख्या में हाथियों के झुंड गांव पहुंचा और जमकर उत्पात मचाया। तीन घरों के दरवाजे व खिड़की तोड़ दिए और घर पर अपने सुंड से प्रहार किया जिससे घरों की दीवारों में दरार आ गई है और कई घर में रखे अनाज को भी चट कर गया। इतना ही नहीं खेत की चाहरदीवारी को तोड़कर फसलों को भी बर्बाद कर दिया है और सिंचाई के लिए कुएं पर लगे सिंचाई मशीन को भी कुएं में गिरा दिया। कुल मिलाकर किसानों का हजारों का नुकसान हुआ है। किसानों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया है बावजूद समाचार मिलने तक तक कोई भी अधिकारी या प्रशासन नहीं पहुंचा है घटनास्थल पर। आपको बता दें कि आए दिन हाथियों का उत्पात इसी तरह जिलेभर में बढ़ता जा रहा है। लेकिन वन विभाग के द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की हाथियों के आतंक पर लगाम लगाने में ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। इस विषय पर वन विभाग से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि संसाधन की घोर कमी से जूझ रही है गिरिडीह वन विभाग फिर भी संसाधन के अभाव में भी हमारे कर्मी जान जोखिम में डालकर हांथियों के झुंड से निपटते आ रहे हैं। बारागडहा कला गांव टीम को भेजा गया है वहां के किसानो और ग्रामीणों को हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट बनाकर मुआवजे के लिए उच्चस्तरीय विभाग को भेज दी जाएगी। वन विभाग गिरिडीह जिला भर के लोगों से अपील करती है कि अगर आप के आस पास हांथियो का झुंड आ जाय तो शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थान पर छुप जाएं। शोरगुल बिल्कुल ना करें। आपकी सतर्कता ही आपकी बचाव है। वन विभाग हमेशा आप सभी के सहयोग के लिए तत्पर है समय पर सुचना दें।




## एघारा पंचायत सचिवालय मे सीओ जुल्फिकार अंसारी ने मुखिया ,उपमुखिया एवं वार्ड सदस्यो को दिलाया पद एवं गोपनीयता की सपथ

### एघारा की मुस्लिम महिला नुरजहां बीबी बनी उपमुखिया

अपेम लाइव : प्रतापपुर
कुमार चंदन




प्रतापपुर/चतरा : प्रखंड के सुदुरवर्ती क्षेत्र एघारा पंचायत सचिवालय मे गुरूवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नव. निर्वाचित मुखिया, वार्डसदस्यों को एक कार्यक्रम आयोजित कर पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाया गया।यह सपथ सरकार के निर्देश पर निवार्ची पदाधिकारी सह सीओ जुल्फिकार अंसारी के द्वारा दिलाया गया।जिन लोगो ने पद एवं गोपनीयता की सपथ लिया उनमे मुखिया मालती देवी, वार्डसदस्यो मे सुषमा देवी,संध्या कुमारी, दिनेश यादव, सुनिता देवी,सरिता देवी,सुधीर कुमार ,आरती कुमारी, नुरजहां बीबी,सोनी देवी,शिला देवी,किरण देवी,सबिया देवी,शंभु पासवान, इन्दु देवी,प्रियंका कुमारी शामिल है। मौके पर सपथ ग्रहण के बाद उपस्थित मुखिया, वार्ड सदस्यों को सीओ सह निर्वाची पदाधिकारी जु. ल्फिकार अंसारी ने कई आवश्यक जानकारी दिया।त. था पंचायत के विभिन्न विकास को लेकर निर्देश दिया। इसके बाद उपमुखिया के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई।एघारा के कुल 15 वार्ड सदस्यो ने उपमुखिया के लिए तीन वार्ड सदस्यों नुरजहां बीबी, शंभु पासवान,एवं सुधीर कुमार, ने अपना नामांकन सीओ जुल्फिकार अंसारी के समक्ष भरा।वोटिंग कराया गया ।कौंटिंग मे नुरजहां बीबी को 06 शंभु पा. सवान 04 एवं सुधीर कुमार 04 को मत मिले। वही 01 मत को रद्द किया गया।सीओ सह निर्वाची पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने वार्डसदस्यो के द्वारा उपमुखिया के पद पर नुरजहां को प्रमाण पत्र दिया तथा उन्हे पद एवं गा. ेपनीयता की सपथ दिलाया ।मौके पर मुखिया मालती देवी, प्रतिनीधि सुरेन्द्र भारती समाजसेवी सह मुखिया के मामा दिनेश कुमार भारती ने कार्यक्रम मे शामिल लोगो को धन्यवाद दिया । एघारा पंचायत के तमान लोगो ने नुरजहां बीबी को उपमुखिया बनने पर बधाई दिया । कार्यक्रम के मौके समाजसेवी दिनेश कुमार भारती,पं समिति सदस्य अनिता देवी पति सुजित पा. सवान,मुखिया प्रतिनीधि सुरेन्द्र भारती, समाजसेवी आशिष पाठक, शमीम खान,संदीप सोनी,संजीत कुमार राय,राजेश पासवान, प्रेम कुमार, आशिष पाठक,देवन यादव, रामस्वरूप यादव,विजय यादव सहित सैकडो ग्रामीण, बुद्धजीवी, समा. जसेवी व मुखिया मालती देवी के समर्थक शामिल थे।

## चन्द्रीगोबिन्दपुर मे समारोह आयोजित कर मुखिया कंचन कुमारी एवं 14 वार्ड सदस्यों का कराया गया पद एवं गोपनीयता की सपथ

अपेम लाइव : प्रतापपुर
कुमार चंदन



प्रतापपुर/चतरा : प्रखंड के चन्द्रीगोबिन्दपुर पंचायत सचिवालय में गुरूवार को पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया कंचन कुमारी एवं सभी 14 वार्ड सदस्यों का पद एवं गोपनीयता की सपथ बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी मूरली यादव के द्वारा दिलाया गया । जिन लोगो ने पद एवं गोपनीयता की सपथ ली उनमे मुखिया कंचन कुमारी,वार्ड सदस्यो मे सीता देवी,रंजन कुमार रजक,प्रमोद कुमार स्वर्णकार,मंजु देवी,उर्मिला देवी,ललिता देवी,गजाला प्रवीण, रीता देवी,यशोदा देवी,मीनु देवी,सहनवाज हुसैन,रेखा देवी,बसंति कुमारी,एवं सोनी कुमारी शामिल है।मौके पर बीडीओ ने सपथ ग्रहण के बाद उप. स्थित मुखिया एवं वार्डसदस्यो को कई अहम जानकारी दिया।इसके बाद उपमुखिया के लिए 14 नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों मे से तीन वार्ड सदस्य सोनी कुमारी ,उर्मिला कुमारी एवं मंजु कुमारी ने अपना नामांकन किया।वोटिंग कराये गये ।जिसमे वार्ड नम्बर 14 मोहनपुर की वार्ड सदस्य सोनी कुमारी को 06,उर्मिला कुमारी को 05 एवं मंजू कुमारी को 03 मत मिले।सोनी कुमारी को जीत दर्ज करते हुये बीडीओ प्रमाण पत्र सौपा तथा पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाया ।मौके पर चन्द्रीगोबिन्दपुर के दर्जनो ग्रामीणो ने बताया कि मुखिया कंचन कुमारी एक पढी लिखी,सुशील,कर्मठ महिला है।उन्होने अपने पति के साथ बहुत संघर्ष करते हुये जीत दर्ज की है।उन्होने गांव मे जागरूकता कार्यक्रम चलाकर ग्रामीणो को जागरुक की है। गांव के समाज सेवियो ,बुद्धिजीवियो ,युवाओ,महिलाओ के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता मुखिया पद पर जिताने मे अहम भूमिका निभाया है। मौके पर मुखिया कंचन कुमारी पति समाजसेवी जितेन्द्र सार्थक ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित पंचायत के युवाओ ,महिलाओ का लगाव एवं लोकप्रियता के कारण जीत के लिए आभार व्यक्त किया है ।कार्यक्रम मे जितेन्द्र सार्थक, जितेन्द्र सा. र्थक के पिता महेन्द्र यादव, भीम सिंह,पं स सदस्य मनोज कुमार, विजय यादव, अवधेश स्वर्णकार,संतोष यादव,पूर्व मुखिया अफताब आलम,कैलाश भारती,दीपक पासवान, अयूब आलम,सुधीर सिंह,गौतम कुमार अमबस्ट,सतन बाबा,रामाशीष पांडेय, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नन्दलाल मुंडा,कामेश्वर यादव ,भुनेश्वर यादव , जितेन्द्र साव,संगीता देवी,गीता देवी,उपेन्द्र महतो,सतेन्द्र महतो,अशोक यादव, बबन यादव,उमेश दांगी,रोहित कुमार मनीष कूजूर सहित सैकडो लोग शामिल थे ।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## अदाणी फॉउंडेशन ने बलोदर में लगाया हेल्थ चेक अप कैंप, मेडिकल टीम ने जाना ग्रामीणों के स्वास्थ्य का हाल

### हेल्थ कैंप में बड़ी संख्या में पहुंचे बुजुर्ग, नवजात बच्चों को लेकर महिलाएं भी पहुंचीं





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

अदाणी फॉउंडेशन ने गुरुवार को बड़कागांव के बलोदर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत एक हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर ड०क्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सुबह 10 बजे से दिन भर चले इस कैंप में बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग मौजूद थे। आठ लोगों की मेडिकल टीम ने कैंप में आये सभी ग्रामीणों की बुनियादी चिकित्सा जांच की और उन्हें जरुरत के हिसाब से दवाईयां की। इस चेक अप कैंप में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने नवजात बच्चों को भी ड०क्टर से दिखाने पहुंची थीं। कैंप में मौजूद बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने नवजात बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और उनका वजन मापा। साथ ही उन्हें आवश्यक टीके भी लगाए। इस दौरान करीब चालीस से अधिक बच्चों का टीक. ाकरण हुआ। कैम्प में कोरोना जांच के लिए भी सैम्पल लिए गए।

**ग्रामीणों में दिखा उत्साह, चेक अप के बाद खुश नजर आए लोग**

अदाणी फॉउंडेशन की ओर से लगाए गए इस मेडिकल चेक अप कैम्प में शामिल ग्रामीण उत्साहित नजर आए। डॉक्टर और मेडिकल टीम को देख कर महिलाएं और बुजुर्गों के चेहरे खिले दिखे। सभी ने खुद से आगे आकर अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों की जानकारी ड०क्टर को दी और उनसे आवश्यक परामर्श लिया। ग्रामीणों ने कहा कि डॉक्टर द्वारा दी गयी सभी सलाह का वो अनुपालन करेंगे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि ऐसे हेल्थ चेक अप कैंप समय-समय पर लगते रहने चाहिए ताकि उनका समाज स्वस्थ बना रह सके।

**सलाह रु बरसात के पानी में न भींगे, कोई भी लक्षण दिखे तो जांच जरूर कराएं**

वहीँ, मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को कोरोना से बचाव के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की। बताया कि कोरोना महामारी अभी ख़त्म नहीं हुई है। इसलिए इससे बचाव के लिए जागरूक रहने की जरुरत है। कैंप में मौजूद ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि बदलते मौसम में लोग अपने स्वास्थ्य का अच्छे से ध्यान रखें। मौसम बदलने के साथ ही बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो जाता है। सबसे पहले बच्चे इनकी चपेट में आते हैं। इसलिए सर्दी-खांसी, जुकाम जैसे तरह-तरह के वायरल और दूसरी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि बरसात के पानी में न भींगे। साथ ही किसी भी बीमारी से बचने के लिए समय पर जांच जरुरी है। मेडिकल जांच के बाद ही किसी भी रोग का इलाज सही तरीके से किया जा सकता है। लोग गंभीर रोग को मामूली समझकर मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खा लेते हैं और तत्काल समस्या भी कम हो जाती है। लेकिन धीरे-धीरे अंदर से रोग गंभीर हो जाता है। बाद में यह मरीजों को लिए परेशानी का कारण बन जाता है।




## प्रशासन की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये से पचम्बा की बेटियाँ विद्यालय जाने से घबराती है

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज दिनांक 15.06. 2022 को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने पचम्बा जाकर स्थानीय लोगों एवं पीड़ित परिवार से बात की और मामला को समझने का प्रयास किये। जिला की उप. नगरी पचम्बा के स्थानीय लोगों ने विगत दिनों घटित घटना को विस्तारपूर्वक बताया और कहा कि यहाँ की बेटियाँ जब स्कूल पढ़ने जाती आती है तो उसके साथ विशेष समुदाय के मनचलों द्वारा छेड़खानी की जाती है। शिकायत करने पर दर्ज़नों की संख्या में पहुँच कर मनचलों द्वारा घर जाकर संबंधित बच्चियों के घर गाली-गलौज किया जाता है, जान से मारने की धमकी दी जाती है। बच्चियाँ इतनी भयभीत है कि अब स्कूल जाने से मना कर दी है। पचम्बा में दो दो बार पत्थरबाजी हुई जिसका सीसीटीवी फुटेज में चेहरा भी है, पत्थरबाजों को सीसीटीवी फुटेज द्वारा चिन्हित कर कार्रवाई करने के बजाय मामला को रफादफा करवाने की को. शिश की जा रही है। पुलिस खुद से अनुसंधान करने के बजाय अपने मुखबिर के गलत निशानदेही पर कार्रवाई कर रही है। जिससे पत्थरबाजों एवं मनचलों का मनोबल बढ़ा हुआ है। पूरे मामले को समझने के बाद सुरेश साव ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि 'हटिया रोड एवं पचम्बा मैन रोड को अतिक्रमण मुक्त कराई जाए।जिससे पचम्बा में हो रहे क्राइम में कमी आयेगी। तथा जिला के पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि 'एक उच्च स्तरीय टीम को गठित कर घटनास्थल पर स्थानीय लोगों एवं पीड़ित परिवारों से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई करे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पत्थरबाजों को चिन्हित कर अविलंब गिरफ्तार करे।ताकि ऐसे आसामाजिक तत्वों का मनोबल कमजोर हो। साथ ही, 'थाना के मुखबिर जिसके गलत सूचना एवं गलत निशानदेही पर सामाजिक समरसता व पुलिस की छवि धूमिल ही रही है को अविलंब वहाँ से हटाया जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाय।

## शीतल वाटिका किसान सहायता फाउंडेशन के प्रतिनिधि बीडीओ से किया मुलाकात

### प्रखंड में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



शीतल वाटिका किसान सहायता फाउंडेशन के जिला कोऑर्डिनेटर रंजन मेहता व प्रखंड कोऑर्डिनेटर धीरज कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के सभी पंचायतों के कोर्डिनेटर्स ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार से मुलाकात कर उन्हें परमिशन लेटर सौंपा। इस दौरान जिला कोऑर्डिनेटर रंजन मेहता ने कहा कि झारखंड सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जितनी तेजी से कृषि युक्त भूमि की उर्वरकता शक्ति समाप्त हो रही है उससे लगता है कि आने वाले दिनों में किसानों के लिये बड़ी संकट पैदा हो सकती है। वहीं प्रखंड कोअ०र्डिनेटर धीरज कुमार ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में जिस तरीके से रसायन का प्रयोग कर रसायन युक्त खाद्य सामग्री उप जाए जा रहे हैं ऐसे में कहीं न कहीं जमीन की उर्वरा शक्ति होती जा रही है और मानव शरीर के लिए कई सारी बीमारियों का मुख्य कारण बनता जा रहा है उन्हें बताया कि इस संस्था के माध्यम से जुड़कर किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही साथ जैविक खेती सं. बंधित बीज व अन्य सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी को बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत क०र्डिनेटर के माध्यम से किसानों का जैविक कार्ड बनाया जाएगा। जिसके माध्यम से किसानों को जैविक खेती करने से सं. बंधित सामग्री मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने प्रखंड के किसानों से अपील करते हुए कहा कि पंचायत कोअ०र्डिनेटर के द्वारा जैविक किसान कार्ड अवशय बनाएं। ताकि उन्हें सुविधा मिल सके। मौके पर चंदवारा पूर्वी के कोऑर्डिनेटर कुलवीर यादव, पिपराडीह के बंटी यादव, बिरसोडीह के महेश यादव, बेंदी के ज्ञान प्रकाश सिंह, आरागारो के मुन्ना कुमार, मदनगुंडी के टेकलाल साव, उरवां की मुन्नी देवी, खांडी के द्वारिक पासवान, कांटी के मो. आलम अंसारी, पट. थलगड़ा के अजीत रजक, कांको के सुभाष पंडित, भोंडो के सोनी देवी, व थाम के कुलदीप पंडित आदि मौजूद थे।

## युवा लेखक बिपिन कुमार को बनाया गया भू- मापक प्रशिक्षण के ब्रांड एम्बेसडर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागाँव : झारखंड सरकार से नि. बंधित इकाई जन कल्याण सेवा संस्थान,डोरंडा रांची द्वारा राज्य में संचालित भू-मापक(अमीन) प्रशिक्षण का ब्रांड एम्बेसडर बड़कागाँव के सांढ़ निवासी प०लिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक बिपिन कुमार को नियुक्त किया गया।संस्थान के सचिव मो. मोबीन अहमद ने इसकी घोषणा कर जानकारी दी।बिपिन कुमार 24 वर्ष के उम्र में पॉलिटिकल साइंस स्कैनर नामक पांच पुस्तकों की रचना कर सुर्खियों में रहे हैं।इन्होंने विगतवर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभाते आ रहे है।छात्र-छात्रों के बीच क्विज,सेमिनार ,करियर काउंसलिंग व जागरूकता अभियान का आयोजन कर शिक्षा का माहौल तैयार कर रहे है।हाल में संपन्न पंचायत चुनाव में प्रखंड के विभिन्न पंचायतो के मतदाताओं को जागरूक भी किये।संस्थान के सचिव ने बताया कि अमीन का प्रशिक्षण प्राप्त कर भू-कार्यालय, बंदोबस्त कार्यालय, वन विभाग, विद्युत बोर्ड, रेलवे विभाग,निजी कंपनियां आदि में ज०ब के मौके हैं पर प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का कमी है।बिपिन का ब्रांड एम्बेसडर के चयन पर भूमि सुधार व राजस्व विभाग एवं जन कल्याण सेवा संस्थान के अधिकारियों ने बधाई दी है।इसकी नियुक्ति कार्यालय के अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार